**11वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस**
**दिनांक 25 जनवरी, 2021**

# राजस्थान सरकार
# निर्वाचन विभाग

**कमांक:** एफ.4(3)(3)स्वीप/निर्वा/NVD-2021/173 **जयपुर, दिनांक :** 12.01.2021

**प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
राजस्थान, जयपुर।

**प्रेषित : समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,**
(कलेक्टर) राजस्थान।

**विषय** : दिनांक 25 जनवरी, 2021 को 11वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह पूर्वक आयोजित करने के संबंध में।

**प्रसंग** : भारत निर्वाचन आयोग का पत्र कमांक 491/ECI/LET/FUNC/SVEEP-I/NVD/2021 दिनांक 06 जनवरी, 2021

**महोदय,**

भारत निर्वाचन आयोग के प्रासंगिक पत्र दिनांक 06 जनवरी, 2021 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार **11वें "राष्ट्रीय मतदाता दिवस"** दिनांक 25 जनवरी, 2021 को विभिन्न स्तरों पर समारोह पूर्वक मनाया जाना है **(प्रति संलग्न है)**। विभिन्न स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार द्वारा COVID-19 की गाईड लाईन एवं तद्नुसार आयोग के प्रासंगिक पत्र में दिये गये निर्देशों को ध्यान में रखते हुए राज्य, जिला एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर आयोजित किये जाने हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम यथा सम्भव Virtually आयोजित किये जायेंगे। यदि समारोह जन समुदाय की उपस्थिति में आयोजित किया जाता है तो राज्य/ केन्द्र सरकार की कोविड गाईड लाईन के अनुसार आयोजित किये जा सकेंगे। आयोग के निर्देशानुसार इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन आयोजित किये जाने वाले विभिन्न कार्यक्रम **"निर्वाचन संबंधी भारत निर्वाचन आयोग की निर्वाचनों एवं मतदाता पंजीकरण हेतु आई.टी. एपलिकेशन एवं मोबाईल एप द्वारा प्रदत्त जन सुविधाओं"** की जानकारी अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुँचाये जाने को ध्यान में रखते हुए आयोजित किये जायेंगे। आयोग के निर्देशानुसार विगत् वर्षों की भांति राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में समारोह विभिन्न स्तरों पर यथा राज्य/जिला/विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मुख्यालय एवं मतदान केन्द्र स्तर पर कोविड गाईड लाईन को ध्यान में रखते हुए आयोजित किए जायें।

1. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 25 जनवरी, 2021 को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के विषय में यह स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कोविड गाईड लाईन का ध्यान में रखते हुए समारोह की तिथि से पूर्व एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन इस प्रकार से गतिविधियाँ वर्चुअल माध्यम से आयोजित की जावें कि भारत निर्वाचन आयोग की वर्तमान में प्रचलित विभिन्न आई.टी. से सम्बन्धित ऐपलीकेशन/ मोबाईल एप एवं निर्वाचनों के संचालनों में किस प्रकार से कोविड महामारी को ध्यान में रखते हुए निर्वाचन करवाये जा रहे हैं, की जानकारी आम नागरिकों तक पहुँचे। इस क्रम में आम नागरिकों विशेषकर युवाओं को कॉलेज एवं स्कूल स्तर, मतदाता जागरूकता क्लब एवं चुनाव पाठशालाओं के माध्यम से वोटर हैल्प लाईन पोर्टल/ NVSP पोर्टल एवं मोबाईल एप की प्रक्रिया की


www.rajteachers.com

जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों को ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने की जानकारी दी जाये। समारोह के दौरान इस क्रम में आयोग द्वारा बनाई गई लघु फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जावे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस क्रम में तैयार की गई सामग्री की **सूची परिशिष्ट–A** के अनुसार है। यह सामग्री गूगल ड्राईव लिंक से डाउनलोड की जा सकेगी। इसकी सूचना पृथक से प्रेषित की जायेगी।

2. ग्यारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन से पूर्व अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न स्तरों पर निम्न प्रकार से गतिविधियाँ आयोजित की जावें।

2.1 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में 4 प्रकार के कुल 40,393 साक्षरता क्लब गठित किए गए हैं। इस वर्ष कोविड महामारी को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्तर पर गठित किये गये इन ELC क्लबों को वेबीनार आयोजित कर प्रशिक्षित किया गया है। इन क्लबों के माध्यम से विभिन्न प्रकार की ऑनलाईन प्रतियोगितायें भी आयोजित की गयी हैं। चूँकि दिनांक 18 जनवरी, 2021 से उच्चतर शैक्षणिक संस्थान एवं 9–12 तक की कक्षाओं के लिये स्कूलों के शैक्षणिक सत्र प्रारम्भ हो रहे हैं, **इसलिए दिनांक 23 जनवरी, 2021 एवं 24 जनवरी, 2021 को इन क्लबों के माध्यम से निम्न गतिविधियाँ एक साथ सभी जिलों में आयोजित की जावें तथा आई.टी. एपलिकेशन्स की जानकारी दी जावे।**

(अ) **मतदाता सूची में ऑनलाईन पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी एवं मतदाता सूची में नाम खोजने की प्रक्रिया की जानकारी दी जावे।**

(ब) भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाताओं को e-EPIC प्राप्त करने की सुविधा का शुभारम्भ किया जा रहा है। एक सरल प्रक्रिया से मोबाईल एप के माध्यम से आयोग के पोर्टल से e-EPIC generate किये जा सकेंगे तथा इसे Digital Locker में सुरक्षित रखा जा सकेगा की जानकारी दी जावे। इस विषय में दिशा–निर्देश पृथक से प्रेषित किये जायेंगे।

(स) **लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जावे।**

2.2. सरकारी/गैर सरकारी संस्थाओं के वोटर अवेयरनेस फोरम का अधिक से अधिक संख्या में गठन किया जाकर NVD से पूर्व एवं NVD के दिन विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जावें। Voter Awarness Forum (VAF) के सदस्यों एवं उनके परिवारजनों के योग्य सदस्यों का शतःप्रतिशत मतदाता सूची में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व जिला स्तर पर महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों/ प्राईवेट संस्थानों में VAF का गठन कर इनकी राष्ट्रीय मतदाता दिवस से पूर्व पैरा 2.1 के अनुसार गतिविधियाँ आयोजित की जावें तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन बैठक आयोजित कर **"मतदाता शपथ"** दिलवायी जावे। **इस दौरान कोविड गाईड लाईन का ध्यान रखा जावे।**

2.3. गत् वर्ष आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर इसके परिभाषित क्षेत्राधिकार में आने वालो मतदाताओं/नागरिकों आदि को सम्मिलित करते हुए **"चुनाव पाठशाला"** का गठन किया गया है। जिलों से प्राप्त सूचना के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में 21,506 चुनाव पाठशालायें क्रियाशील हैं। **राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25 जनवरी, 2021 से पूर्व दिनांक 24 जनवरी, 2021 को बूथ लेवल अधिकारी चुनाव पाठशाला की बैठक आयोजित कर निम्न कार्यवाही करेंगे।**

www.rajteachers.com

(a) पंजीकृत/ नव पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता सूची में उनके नाम की प्रविष्टि की जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी जावे।

(b) ईवीएम की कार्य प्रणाली, ऑन लाईन पंजीकरण, DCC से संबंधित आयोग की लघु फिल्मों का Whats App के माध्यम से कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिक से अधिक मतदाताओं को उनके Whats App नम्बर पर Forward की जावे।

(c) अर्हता दिनांक 01.01.2021 के अन्तर्गत नव पंजीकृत मतदाताओं के नाम पढ़ कर सुनाये जायें तथा दिनांक 25 जनवरी, 2021 को मतदान केन्द्र पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित किया जाये। इस दौरान कोविड गाईड लाईन का ध्यान रखा जावे।

2.4. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रासंगिक पत्र में दिए गए निर्देशों की कियान्विति सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में प्रत्येक स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, पंचायती संस्थानों के प्रतिनिधियों, शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं, NCC, NSS, भारत स्काउट गाईड के छात्र–छात्राओं, सिविल सोसाईटी एवं मीडिया के प्रतिनिधियों की व्यक्तिगत सहभागिता/Virtual सहभागिता में आयोजन किया जायेगा।

2.4.1 तद्नुसार राज्य स्तरीय समारोह जयपुर में Virtually 11 बजे से 12 बजे के मध्य आयोजित किया जायेगा। **इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कलराज मिश्र, माननीय राज्यपाल महोदय Virtually राजभवन से भाग लिया जाना प्रस्तावित है। उनकी सहमति प्राप्त होने पर इस राज्य स्तरीय Virtual कार्यक्रम में जयपुर मुख्यालय पर सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में मुख्य सचिव महोदय, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी, सम्भागीय आयुक्त, जयपुर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), जयपुर के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित होंगे।**

2.4.2 राज्य स्तरीय कार्यक्रम से राज्य के सभी सम्भागीय आयुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने–अपने मुख्यालय पर ऑन लाईन जुड़ेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम का Minute-to-Minute कार्यक्रम **परिशिष्ट–B** के अनुसार प्रस्तावित है। इस विषय में लिंक पृथक से आपको प्रेषित किया जायेगा।

जिला मुख्यालय पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मुख्यालय पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कोविड गाईड लाईन को ध्यान में रखते हुए युवाओं, मीडिया के प्रतिनिधियों/NGO एवं पुरूस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। **इस Virtual कार्यक्रम के दौरान कोविड–19 गाईड लाईन की पालना सुनिश्चित की जावे।**

2.4.3. चूँकि इस कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्यपाल, राज्य निर्वाचन आयुक्त एवं मुख्य सचिव उपस्थित रहेंगे इसलिए कार्यक्रम दौरान पूर्ण अनुशासन रखा जावे।

3. राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तुरन्त बाद जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला स्तर पर तथा विधानसभा मुख्यालय पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम यथा सम्भव Virtually आयोजित किय जावें। इस कार्यक्रम को संक्षिप्त, अधिकतम एक घण्टे का रखा जावे।



www.rajteachers.com

3.1 जिला स्तरीय कार्यक्रम दिनांक 25 जनवरी, 2021 को जिला मुख्यालय पर Virtually/ सहभागियों की उपस्थिति में कोविड गाईड लाईन की पालना करते हुए आयोजित किया जावें, जिसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों/स्वयंसेवी संस्थाओं/स्थानीय ब्राण्ड एम्बेसेडर/ऑइकन्स/कॉलेज/स्कूल के छात्र–छात्राओं/सिविल सोसाईटी एवं मीडिया के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। Virtual कार्यक्रम आयोजित करने की स्थिति में प्रत्येक ग्रुप में बैठक हेतु स्थान चयनित कर पूर्व से निर्धारित किया जावे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त के संदेश को पढ़ कर अथवा वीडियो प्रदर्शित कर सुनाया जाये। नए पंजीकृत मतदाताओं विशेषकर युवा मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र एवं **"मतदाता होने पर गर्व है– मतदान के लिए तैयार हैं" (Proud to be a Voter - Ready to Vote)** नारे वाला बैज प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया जाए। उक्त बैज जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मुद्रित करवाए जायेंगे। बैज का सेम्पल गत् वर्ष के अनुरूप रहेगा। इस समारोह में उपस्थित सभी सहभागियों को संलग्न **परिशिष्ट–C** के अनुसार शपथ भी दिलाई जाए।

**कार्यक्रम के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में प्रारम्भ की जा रही e-EPIC कार्य योजना की जानकारी प्रदान की जावे।**

**3.2.** जिला निर्वाचन अधिकारी जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बीएलओ आदि में से, जिन्होंने वर्ष 2020 एवं वर्तमान पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य किया है को स्थानीय स्तर पर निर्णय लेकर योग्यता प्रमाण पत्र से सम्मानित करें। योग्यता का निर्धारण आवंटित लक्ष्य की प्राप्ति एवं इस हेतु आई.टी. का कितना प्रयोग किया गया है, को मापदण्ड बनाया जाये। गत् वर्ष विशेष योग्यजनों के पंजीकरण हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, NGO आदि द्वारा विशेष प्रयास किये गये हैं, इसलिये सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति अथवा संस्था को जिला स्तर पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जावे। इसी प्रकार से सर्वश्रेष्ठ ELC को भी सम्मानित किया जावे। योग्यता प्रमाण पत्र का प्रारूप **परिशिष्ट–D** पर संलग्न है। **उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारी को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाए। इसमें ऐसे बूथ लेवल अधिकारी को प्राथमिकता दी जाये जिनके द्वारा वर्तमान पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान ऑन लाईन कार्य सम्पादित किया गया है।**

**3.3.** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा अपने–अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भी उपरोक्तानुसार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। मुख्य कार्यक्रम दिनांक 25 जनवरी, 2021 को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मुख्यालय पर स्थापित मतदान केन्द्रों को सम्मिलित करते हुए आयोजित किया जायेगा, जिसमें सभी वर्गो की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इस विषय में उपरोक्त पैरा के अनुसार कोविड गाईड लाईन को ध्यान में रखते हुए गतिविधियाँ आयोजित की जावें।

3.4. जिला निर्वाचन अधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिनांक 22 जनवरी, 2021 को राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर वर्तमान पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किये गये कार्य की जानकारी प्रदान करें तथा भारत निर्वाचन आयोग की आई.टी. एपलिकेशन्स की जानकारी देते हुए लघु फिल्मों का भी प्रदर्शन किया जावे। **इस दौरान कोविड गाईड लाईन का विशेष रूप से ध्यान रखा जावे।**

www.rajteachers.com

4. मतदान केन्द्र पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारी मतदान केन्द्र के लिए नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी की होगी। इस विषय में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निम्न प्रकार से कार्यवाही करें:—

4.1. संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी दिनांक 25 जनवरी, 2021 से पूर्व बूथ लेवल अधिकारियों को समारोह में 8—10 नए पंजीकृत मतदाताओं को आमंत्रित कर उन्हें त्रुटिरहित मतदाता फोटो पहचान पत्र (तैयार होने की स्थिति में), **"मतदाता शपथ"** की प्रतियाँ एवं बैज की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। आमंत्रित किये जाने वाले नव पंजीकृत मतदाताओं में पुरूष एवं महिला मतदाताओं को समान संख्या में आमंत्रित किया जावे।

4.2. बूथ लेवल अधिकारी अर्हता दिनांक 01.01.2021 के सन्दर्भ में अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियों को आम नागरिकों के अवलोकन हेतु अपने पास रखेंगे तथा ऐसे व्यक्ति विशेषकर विशेष योग्यजन, आदिवासी समुदाय के पात्र व्यक्ति, बेघर परिवार के पात्र व्यक्ति एवं महिला/ युवाओं जिनका कि मतदाता सूची में नाम जुड़ने से वंचित रह गया है अथवा पूर्व में पंजीकृत मतदाताओं की प्रविष्टि में कोई संशोधन किया जाना है तो तदनुसार इन्हें **वोटर पोर्टल** से अथवा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने में सहयोग प्रदान करेंगे।

4.3. मतदान केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में प्रारम्भ की जा रही e-EPIC सुविधा की जानकारी प्रदान करेंगे ताकि मतदाता सूची में पंजीकृत मतदाता एक सरल प्रक्रिया के अनुसार अपने मोबाईल फोन के माध्यम से e-EPIC डाउनलोड कर इसे electronically अपने Digi Locker में सुरक्षित रख सकें। इस दिन एवं इसके बाद भी बूथ लेवल अधिकारी अधिक से अधिक संख्या में उनके भाग में पंजीकृत मतदाताओं के मोबाईल फोन नम्बर प्राप्त करेंगे ताकि इच्छुक मतदाताओं द्वारा आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार e-EPIC डाउनलोड की जा सके। **इस कार्यक्रम के दौरान कोविड गाईड लाईन की पालना सुनिश्चित की जावे।**

4.4. बूथ लेवल अधिकारी उनके भाग में पंजीकृत कम से कम 20 मतदाताओं को उनके मोबाईल फोन पर भारत निर्वाचन आयोग की ऑन लाईन पंजीकरण की प्रक्रिया, ईवीएम की कार्य प्रणाली एवं DCC की कार्यप्रणाली से सम्बन्धित लघु फिल्में Whats App संदेश के माध्यम से भेजेंगे ताकि वह इसे देख कर लाभान्वित हो सकें।

5. सेवा नियोजित मतदाताओं का शत—प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करने हेतु **सेना दिवस दिनांक 15 जनवरी, 2021 से** विशेष अभियान चलाया जाए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों/प्रदर्शनी में पीस स्टेशन से सेवा नियोजित कार्मिकों को आमंत्रित किया जावे। कार्यक्रम/प्रदर्शनी के दौरान हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इनके पंजीकरण हेतु प्रदान की गई ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की सुविधा से अवगत कराया जावे। इस कार्यक्रम के दौरान सेवानियोजित मतदाताओं हेतु आयोग द्वारा तैयार लघु फिल्म जो गूगल ड्राईव पर उपलब्ध है, को डाउनलोड कर प्रदर्शित की जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी दिनांक 02 फरवरी, 2021 तक इस क्रम में सूचना विभाग को प्रेषित करें कि उनके जिले में कितने पीस स्टेशन में कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं।

6. सभी जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी शैक्षणिक संस्थानों कार्यालयों में दिनांक 25 जनवरी, 2021 को एक संक्षिप्त समारोह आयोजित कर **"मतदाता शपथ"** दिलवायी जाये। इस विषय

www.rajteachers.com

में जिला कार्यालय से निर्देश जारी कर पत्र के साथ सलंग्न **"मतदाता शपथ"** की प्रतियाँ भेजी जाए। **इस दौरान कोविड गाईड लाईन का ध्यान रखा जावे।**

7. **कोविड गाईड लाईन को ध्यान में रखते हुए इस बार विभिन्न स्तर पर आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम के दौरान सीमित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं, इसलिये कम से कम व्यय कर कार्यक्रम आयोजित किये जायें। इस हेतु स्वीप के अन्तर्गत आवंटित राशि एवं विभाग द्वारा आवंटित की जाने वाली बजट को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही की जावे। स्थानीय स्तर पर इस हेतु स्थानीय निकाय एवं अन्य संस्थाओं के माध्यम से गतिविधियाँ आयोजित की जायें तो कार्यक्रम में इनकी भी सहभागिता सुनिश्चित हो सकेगी।**
8. जिला निर्वाचन अधिकारी/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/मतदान केन्द्र स्तर पर आयोजित होने वाले विभिन्न समारोह के मुख्य अंश की वीडियो रिकॉर्डिंग एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था करवायेंगे। कार्यक्रम के आयोजन के बाद जिला/विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र/मतदान केन्द्रों पर आयोजित समारोह के चयनित फोटोग्राफ्स एवं वीडियो रिकॉर्डिंग विभाग को भिजवाया जाना सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित समारोह के 5–10 अच्छी गुणवत्ता के फोटोग्राफ्स मय कैप्शन विभाग को 5 फरवरी, 2021 तक भिजवायेंगे। जिले में आयोजित समारोह के विषय में समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों की कटिंग भी इसके साथ भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
9. प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया, FM चैनल्स एवं अन्य क्षेत्रीय प्रचार–प्रसार के माध्यमों से ग्यारहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस हेतु भारत निर्वाचन आयोग की थीम जो आई.टी. एपलिकेशन्स से सम्बन्धित है, का पोस्टर, बैनर, हॉर्डिंग्स, ऑडियो–विजुअल लघु फिल्म, जिंगल्स आदि के माध्यम से प्रचार–प्रसार कर मतदाता जागरूकता को बढाया जाये।

कृपया उपरोक्त दिशा–निर्देशों की पालना की जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

भवदीय,

**(प्रवीण गुप्ता)**
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

**कमांकः** एफ.4(3)(3)स्वीप/निर्वा/NVD - 2021/ 173 जयपुर, दिनांक 12/1 12.01.2021

**प्रतिलिपि :–**

1. निजी सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान।
2. निजी सचिव, अति0 मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान।
3. समस्त अधिकारीगण, निर्वाचन विभाग, राजस्थान, जयपुर।

**संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
**राजस्थान, जयपुर।**

www.rajteachers.com

**Urgent**
**Speed Post/E-mail**

# ELECTION COMMISSION OF INDIA
**Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi – 110 001.**

491/ECI/LET/FUNC/SVEEP-I/NVD/2020 Dated: 6th January, 2021

To,

The Chief Electoral Officers of
all States & UTs

**Sub: - National Voters' Day (25th January) 2021 - reg.**

Sir/Madam,

I am directed to state that the 11th National Voters' Day shall be celebrated across the country at State, District and Booth level on 25th January 2021.

You are requested to steer the NVD celebrations with wide publicity for the technological interventions and initiatives taken by the Commission towards ensuring smooth delivery of electoral services, especially in the times of COVID pandemic. The NVD celebrations in the State, as in the past, shall have the following components in addition to any other component that the CEO and the DEO may like to incorporate:

1. **Focus on tech tools:** The focus should be on popularization of new technological tools that have enabled the Commission to bring in more efficiency, widespread reach, and accountability in the conduct of free and fair elections in recent times.

   (a) **Launch of e-EPIC:** The roll out of **e-EPIC** will be carried out on the occasion of National Voters' Day 2021 to provide ease of information to voters.
      - e-EPIC will be downloadable on mobile or in a self printable form on the computer.
      - e-EPIC will have two QR codes: one with static data of photo and demography and the second with details of serial number, part number, name of AC and address etc.

   (b) **e-EPICometer**, a dashboard for monitoring e-EPIC downloads will be created on the ECI/CEO websites.

   (c) **Participation of National & State Icons and Partnership with other stakeholders to Spread Awareness:** All ECI icons shall be posting about the innovation on social media platforms with appropriate hash-tags and tagging the Commission's official social media handles. Educational Institutions, Civil Society Organizations etc to be involved.

2. **Comprehensive Communication Plan**: Comprehensive communication campaign may be planned including electronic, digital and social media, messaging Apps, besides inter-personal communication and outreach (in small groups).
   i. For Campaigns, All India Radio, Doordarshan to be main vehicles combined with a good measure of FM Radio, community radio and Print Media.

Contd...

www.rajteachers.com

ii. Social Media, digital and other new media to be used in urban and semi-urban areas.
iii. For content development, CEO and team to consider the archive of approved material compiled at the SVEEP Digital Library (www.ecisveep.nic.in).
iv. Outreach material developed for Special Revision, Elections etc.to be used after suitable modification showcasing masks, gloves and physical distancing.
v. CEO to take necessary steps for further inventory building on Voters' Information and Awareness material, as also confidence building during the COVID pandemic.
vi. Mobile apps like- Voter Helpline, PwD App, C-Vigil, Voter Turnout App and Candidate App to be widely promoted for both imparting information and provision of assistance regarding registration, location of polling station etc.
vii. One day online workshop for content creators and creative partners may be organized to orient, strategize and capture the key elements and aspects of theme of NVD 2021.
viii. All awareness content to follow COVID-19 guidelines & include COVID precautions.

3. **Media Engagement**: Media briefings (following COVID precautions) and presence of Media on NVD may be ensured for wide publicity of various interventions.
   i. The successful conduct of Bihar Elections during the COVID 19 pandemic may be shown as a key model. The extensive use & availability of masks, sanitizers, PPE kits etc. for ensuring all forms of safety may be highlighted.
   ii. The State Icons may be engaged (through recording of audio-video messages) to spread awareness about safety measures &protocols adhered to by the Commission during elections which will help build confidence and motivate voters for participation.
   iii. CEOs and DEOs may use phone-ins on Radio & Television to engage with & respond to voters.
   iv. BLOs may participate in phone-ins in Community Radio to address queries at Community level.
   v. All forms of media i.e. print, audio-visual, outdoor advertisement, FM radio, television, SMSs, e-mails, social media, cultural troupes etc. may be utilized for awareness & propagating theme.
   vi. Propagation of NVD theme through various Government schemes and programs.
   vii. The NVD theme &related messages in form of posters and banners should be prominently displayed in the offices of the CEO, DEO, ERO and the VFCs.
   viii. A Print Advertisement shall be brought out on 25th January highlighting the theme.

4. **Different Platforms**: In the COVID scenario, maximum use of Digital & Electronic media should be made for SVEEP. Partnerships should be explored with all Social Media platforms, cellular, telephone and cable networks in the region to run SVEEP messages related to registration/ poll day, physical distancing, sanitizationand respiratory hygiene.

5. **Use of Technology**: IT tools may be suitably used for information dissemination & motivation as well as for facilitation of electors and voters. Keeping in view the present theme, following may be transmitted through 360 degree communication. The suite of 20 Apps developed by the Commission provide a perfect ecosystem to work in tandem during non-election, pre-election, in-election and post-election phases as follows:

..

www.rajteachers.com

a) **Phase I**: Non-Election: Encompasses Voter portal, Voter Helpline App, SMS, 1950, Political Party registration online tracking
b) **Phase II**: Pre election: EVM tracking software, ERONET
c) **Phase III**: In-election: cVIGIL, Nomination Application, Suvidha App, ENCORE
d) **Date of Poll**: Voter Turnout App
e) **Date of Counting**: Result Trends TV
f) **Phase IV**: Post Elections: Election expenditure App, Index card

6. **Key Activities:** All SVEEP activities must be conducted as per the guidelines/norms of Social Distancing issued by statutory authorities.

**(a) At Booth Level**:

i. The Booth Level Officers (BLOs) in each polling station area shall felicitate the newly registered voters with a badge 'Proud to be a Voter- Ready to voter and EPIC on NVD in a brief ceremony.NVD pledge to be taken. If possible, the event may be kept as virtual. DEO may provide the logistics required for the brief ceremony in each polling station area.
ii. Video and other creatives to be shared extensively on print and audio-visual media. Alternatively, ECI films or other awareness films prepared by State or District on EVM/VVPAT, Registration, and Inclusioncanalso be shown at the ceremony, in local language.

**(b) At District HQs:**

i. The DEO shall organize the NVD function at the District headquarters/ virtually, in association with Panchayat, organizations, academic institutions, civil society groups, organizations of youth volunteers like NSS, NCC, Scouts & Guides, NYKS, media etc. He shall felicitate the newly registered voters with a badge and EPIC on NVD in a brief ceremony. NVD pledge to be taken.
ii. Awareness films on EVM VVPAT, Registration and Inclusion in local language shall be shown.

**(c) At State HQs:**

i. Spreading awareness about e-EPIC, online facility for obtaining EPIC in a digital from and e-EPIC can be downloaded from Voter helpline app after secure authentication.
ii. CEO organizes NVD function at the State capital/ virtually in association with Media, Civil Society, Volunteer Groups, State Administration, State Election Commission & Corporates etc.
iii. Awareness films on EVM VVPAT, Registration and Inclusion in local language shall be shown.
iv. NVD pledge, State Awards, EPICs &badges to newly registered to be granted at NVD function.
v. Deployment of dedicated staff at Block, Sub-division and District levels may be done to effectively undertake NVD related activities as directed. BLOs shall be trained about their role for NVD activities by the EROs/AEROs, as directed.

7. **Targeted Interventions:**

i. **New Electors:** All new applicants will henceforth be issued an e-EPIC in addition to their normal EPIC and **4.5 million electors** who updated their mobile number during the recent

contd - -

www.rajteachers.com

special summary revision of electoral rolls would receive an SMS on their registered mobile number for downloading their e-EPIC.

ii. **Existing Electors:** A total of **100 million electors** have unique mobile number in the eRoll data base.
  a. Those who wish to download e-EPIC will make a request through Voter Portal, NVSP or Voter Helpline App and based on that OTP authentication be able to download e-EPIC after 25th January, 2021.
  b. Those electors whose mobile number or email are not registered will need to do an e-KYC following the due procedure, which will include photo matching with data base clicking a live photo.

iii. **Service voters**: To popularize ETPBS, Screening Service Voter Film in Cantonment areas, Special awareness drive on Army Day (15th January) can be organized.
  a. e-EPIC would be generated for service voters.
  b. A message will be sent on the mobiles of service voters who have their photo in the database on 25th January to enable them to download e-EPIC.
  c. e-EPIC also to be generated and provided to unit officer through e-mail and further distributed by him.
  d. A page on service voter portal will be provided to service voters for uploading their photos and updating their mobile number and email id.

iv. **Participation of Persons with Disabilities (PwDs) & Senior Citizens**: PwD App to be popularized, Reaching out through credible CSOs working for PwDs & different communication channels, spreading awareness on AMF & postal ballot provision for senior citizens & marked PwDs in addition to provision of e-EPIC.

v. **Participation of Overseas Voters:** e-EPIC to be provided to overseas voters after verification/ updation of existing database.

vi. **Youth Participation**: Awareness through digital, electronic & social media, engagement through online games and competitions at all levels.

vii. **Women Participation**: Setting up of special registration desk for women electors at polling station, women centric activities and awareness about COVID measures can be taken up.

viii. Awareness activities may be carried out with Electoral Literacy Clubs (ELCs) and VAFs, through online sessions.

The preparations for the NVD may be closely monitored by the office of the CEO/DEOs. All COVID protocols issued by statutory authorities must be strictly followed.

Yours Sincerely,

(P. K. SHARMA)
SECRETARY

www.rajteachers.com

## NVD Videos

| S.No. | Subject | Duration (in minutes) |
|---|---|---|
| 1 | Aamir Khan, ECI National Icon on Ethical Voting | 1.23 |
| 2 | Bharat Ki Missal 45s Hindi | 0.45 |
| 3 | Cafe NVSP 35s Hindi | 0.37 |
| 4 | cVIGIL for Lok Sabha 2019 | 2.01 |
| 5 | EVM-VVPAT Animation Film 60s Hindi | 1.00 |
| 6 | EVM-VVPAT Awareness Video 60s English | 1.03 |
| 7 | Form 7 40s Hindi | 0.43 |
| 8 | Gangadas-Jamunadas 45s Hindi | 0.48 |
| 9 | How to Check name in Voter List and How to Register to Vote __ ECI | 1.38 |
| 10 | ICT applications used for Conduct of Elections | 3.17 |
| 11 | PWD-Making Elections Accessible | 2.00 |
| 12 | State Icon Voter Awareness Message | 0.41 |
| 13 | Vote Dene Jaayenge - Motivational Music Video - Voter Awareness | 1.00 |
| 14 | Voter Helpline App for Electors Verification Programme | 1.01 |
| 15 | VVPAT 50 Sec. | 0.50 |
| 16 | Women Voters, Gender participation, Register and Vote __ ECI | 1.16 |
| 17 | Voter Helpline 1950 for Election related queries | 1.36 |

### Service Voter Videos

| S.No. | Subject | Duration (in minutes) |
|---|---|---|
| 1 | Service Voter ETPBS Music Video 60s Hindi | 1.00 |
| 2 | Service Voter, Postal Ballot, Proxy voting _ NoVoterToBeLeftBehind | 6.56 |
| 3 | Service_Voter_Film | 1.25 |
| 4 | Service_Voter_Film_5_minutes_HINDI | 5.00 |
| 5 | Service_Voter_Film_HINDI | 12.00 |

www.rajteachers.com

# 11th National Voters' Day - 25th January, 2021

## Tentative Programme

**Venue:**

1. **Raj Bhawan, Jaipur- Hon'ble Governor**
2. **State Election Commission- State Election Commissioner**
3. **Conference Hall, Secreteriat- Department Officers, State Icons & Awardees**
4. **Collectorate (All Districts)- DEOs, EROs & Participant Students**
5. **CR (1)- Media Dignitaries**
6. **Atal Sewa Kendra- EROs & Participant Students**

**Date :** 25 January, 2021 (Monday)

**Time:** 11:00 AM ONWARDS

| | **Programme** |
|---|---|
| 11:00 AM | Arrival and Welcome of the Chief Guest |
| 11:05 AM to 11:10 AM | National Anthem |
| 11:10 AM to 11:12 AM | Welcome Note |
| 11:12 AM to 11:17 AM | Introductory Remarks by the CEO, Rajasthan |
| 11:17 AM to 11:19 AM | Message of the Chief Election Commissioner, ECI |
| 11:19 AM to 11:23 AM | Administration of Preamble & Pledge by Hon'ble Governor |
| 11:23 AM to 11:33 AM | Address by Hon'ble Governor |
| 11:33 AM to 11:40 AM | Release of Thematic Poster by Hon'ble Governor |
| 11:40 AM to 11:42 AM | State Icons' Presence Acknowledgement Note |
| 11:42 AM to 11:49 AM | Expressions by young voters on 'Leveraging Technology for Voter Friendly Elections' |
| 11:49 AM to 11: 52 AM | Address by the State Election Commissioner |
| 11: 52 AM to 11:57 AM | Address by the Chief Secretary |
| 11: 57 AM to 12:10 AM | Award Distribution |
| 12:10 AM to 12: 15 AM | Vote of Thanks by the District Election Officer, Jaipur |
| 11: 45 AM to 11:55 AM | **National Anthem** |

www.rajteachers.com

# Voters' Pledge

"We, the citizens of India, having abiding faith in democracy, hereby pledge to uphold the democratic traditions of our country and the dignity of free, fair and peaceful elections, and to vote in every election fearlessly and without being influenced by considerations of religion, race, caste, community, language or any inducement".

P.T.O

www.rajteachers.com

# <u>मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ</u>

"हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें"।

कृपया पृष्ठ पलटें

www.rajteachers.com

परिशिष्ट–2
परिशिष्ट-C

# राजस्थान सरकार

## जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर)

.......................... (जिले का नाम)

## योग्यता प्रमाण पत्र

दसवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

25 जनवरी, 2020

श्री/श्रीमति/सुश्री ..............................................................................................

.....पदनाम ........................................................द्वारा वर्ष 2019 के दौरान चुनाव तथा मतदाता जागरूकता सबंधी कार्य पूर्ण निष्ठा एवं कुशलता के साथ संपादित किये गये हैं।

इनके इस कुशल कार्य निष्पादन की सराहना करते हुए यह योग्यता प्रमाण पत्र आज दिनांक 25 जनवरी, 2020 को प्रदान किया जाता है।

( )

जिला निर्वाचन अधिकारी
(कलक्टर) ..............

www.rajteachers.com